भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2251

12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राजस्थान में नए मेडिकल कॉलेज

2251. श्रीमती मंजू शर्माः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि जिन जिलों में चिकित्सा सुविधाएं कम हैं, वहां सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय न होने से लोगों के स्वास्थ्य और डॉक्टर बनने की चाह रखने वालों की पढ़ाई पर असर पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो देश के ऐसे जिलों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की कमी की समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार का राजस्थान में नए सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय खोलने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): देश भर में सरकारी मेडिकल कॉलेजों को सुविधा प्रदान करने के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' करने के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) चला रहा है, जिसमें उन क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहाँ कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच फंड शेयरिंग का अनुपात उत्तर पूर्वी और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 और अन्य राज्यों के लिए यह अनुपात 60:40 है। इस योजना के तहत, सभी 157 प्रस्तावित सरकारी मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दे दी गई है, जिसमें राजस्थान के तेईस (23) मेडिकल कॉलेज (बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू, डूंगरपुर, पाली, सीकर, धौलपुर, अलवर, बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, करौली, नागौर, श्री गंगानगर, सिरोही, बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक, हनुमानगढ़, झुंझुनू, दौसा) शामिल हैं। वर्तमान में, राजस्थान में 31 मेडिकल कॉलेज कार्यशील हैं।

*****